# 3 अधीक्षक, शिक्षक व स्थायीकर्मी निलंबित

## श्योपुर कलेक्टर के औचक निरीक्षण में 9 कर्मचारी अनुपस्थित मिले



**श्योपुर, 18 नवंबर. कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बगवाज, धीरोली और तिल्लीडेरा गांवों का दौरा कर आश्रम शालाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की अनुपस्थिति और अव्यवस्थाएं सामने आई.**

इसके बाद कलेक्टर ने तीन अधीक्षकों, तीन शिक्षकों और तीन स्थायी कर्मियों को निलंबन नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. इसी दौरान उन्होंने बीएलओ से एसआईआर की प्रगति की जानकारी भी ली. बगवाज के आदिवासी बालक आश्रम में निरीक्षण के समय अधीक्षक रामरूप रावत अनुपस्थित पाए गए, जबकि 50 में से सिर्फ 16 छात्र ही मौजूद थे. आश्रम की प्राथमिक शिक्षिका शोभा सोनी भी मौके से गायब मिलीं. दोनों के विरुद्ध निलंबन नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. गांव के शासकीय माध्यमिक स्कूल में कलेक्टर ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता जांची और साफ-सफाई सुधारने के निर्देश दिए. साथ ही पुराने प्राथमिक भवन को हटाने का प्रस्ताव भेजने को कहा. उन्होंने शिक्षक और बीएलओ से फोन पर एसआईआर के कार्य की जानकारी ली. बीएलओ ने बताया कि 900 में से लगभग 850 मतदाताओं को गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं.

### कन्या आश्रम धीरोली में 16 बालिकाएं मिलीं

इस दौरान धीरोली के आदिवासी कन्या आश्रम में कलेक्टर वर्मा को गंभीर अव्यवस्थाएं दिखीं. यहां 50 छात्राओं का पंजीयन था, लेकिन निरीक्षण के समय केवल 16 ही उपस्थित थीं. अधीक्षिका सीता नागर और बिना अनुमति अनुपस्थित शिक्षक रामअवतार सेमिल के खिलाफ निलंबन नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. तिल्लीडेरा के आदिवासी बालक आश्रम में 19 छात्र मौजूद मिले, लेकिन अधीक्षक मोहन सिंह रावत और शिक्षिका निरमा शुक्ला अनुपस्थित थीं. यहां भोजन और साफ-सफाई की स्थिति भी अत्यंत खराब पाई गई.

# सुरक्षित माहौल के लिए दिए सख्त निर्देश

**पुलिस कमिश्नर ने ली अधिकारियों की बैठक**



**इंदौर, 18 नवंबर. अपराध नियंत्रण से लेकर यातायात सुधार तक, पुलिस कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों से मैदानी निगरानी बढ़ाने, लापरवाह चालकों पर कठोर कार्रवाई जारी रखने और सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने पर जोर दिया.**

शहर में लगातार बेहतर और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली. यह बैठक 17 नवंबर को पुलिस आयुक्तालय स्थित सभागार में आयोजित की गई, जिसमें कानून व्यवस्था और अपराध शाखा के दोनों अति पुलिस आयुक्त, सभी डीसीपी और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

बैठक में पिछले महीनों की कार्यवाहियों की ज़ोनवार समीक्षा की गई. गंभीर और माइनर अपराधों, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, थानों में विवेचना की स्थिति, सीसीटीएनएस मॉड्यूल के उपयोग, यातायात प्रबंधन और ड्रोन पेट्रोलिंग की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई.

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. पिछले 15 दिनों में ऐसे 1,897 चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं. पुलिस कमिश्नर ने इस अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रखने के निर्देश दिए.

# प्रदेश बदलने से क्या जाति बदल जाती है?

**हाईकोर्ट ने सरकार से किया जवाब तलब**

**जबलपुर, 18 नवंबर.** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्या दूसरे प्रदेश में बसने से किसी व्यक्ति की जाति बदल जाती है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने एक कर्मचारी के गौंड जनजाति प्रमाण पत्र को अमान्य घोषित किये जाने को चुनौती देने वाले मामले में उक्त जवाब तलब किया है.

यह मामला जबलपुर निवासी विश्वनाथ साह की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उनका जन्म 1966 में जबलपुर में हुआ था. इसके पूर्व याचिकाकर्ता के माता-पिता बिहार के सिवान जिले से पलायन कर यहां आए थे। मजदूरी कर वह अपने परिवार का पालनपोषण करते थे. वर्ष 1981 में तत्कालीन कलेक्टर जबलपुर ने याचिकाकर्ता को उसके माता-पिता की जाति के आधार पर गोंड जनजाति का प्रमाण पत्र जारी किया गया था. आवेदक की ओर से कहा गया कि राज्य स्तरीय उच्च-शक्ति समीक्षा समिति ने 5 अगस्त 2025 के अपने आदेश में केवल इस आधार पर उनके जनजाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया कि उनके पिता का जन्म बिहार में हुआ था. याचिकाकर्ता का जन्म, शिक्षा और पूरा जीवन जबलपुर, मध्य प्रदेश में ही बीता है.

### हत्या के केस में चार को दस-दस साल की सजा

**जबलपुर.** अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने सामूहिक हिंसा कर एक युवक की हॉकी व लाठी से हमला कर हत्या करने वाले चारों आरोपियों को दोषी करार दिया है. अदालत ने आरोपी शोभित, पवन, सागर, अंकित व शशांक को दस-दस साल की सजा व जुर्माने से दंडित किया है. अदालत के समक्ष अभियोजन की ओर से एजीपी प्रमोद पांडे ने पक्ष रखा.

## कार से चार करोड़ रुपए बरामद

**सागर.** जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां चेकिंग के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने वाहन के सीट के नीचे 4 करोड़ रुपए बरामद की है, जिसके बाद पुलिस ने आयकर विभाग को सौंप दी. मिली मामला मोतीनगर थाना क्षेत्र का है. जहां देर रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई की है. बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मध्यप्रदेश से महाराष्ट्र की ओर स्कॉर्पियो गाड़ी से हवाला कारोबार का कैश लेकर जा रहा था. जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए महाराष्ट्र पासिंग स्कॉर्पियो रोकवाई और वाहन के सीट के नीचे से 4 करोड़ रुपए केस बरामद किए.

# 50 टपरे हटाए, 6 गैस सिलेंडर, 7 तराजू किए जब्त

**फुटपाथ पर की गई अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई**



**जबलपुर, 18 नवंबर. निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर मंगलवार को दमोहनाका रोड सांई मंदिर के सामने से दीनदयाल बस स्टैंड होते हुए आई.टी.आई. चुंगी तक ठेले टपरे अलग करने की कार्यवाही की गई.**

कार्यवाही के दौरान नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा 50 टपरे अलग किए गए वहीं 7 टपरे, 6 गैस सिलेंडर, 7 तराजू जब्त किए गए. इसके साथ-साथ रानीताल में फुटपाथ तक, धनवंतरी नगर, मेडिकल कॉलेज, छोटा जैन मंदिर के सामने, पी.वी.आर. मॉल के सामने से भी ठेले टपरे हटाने की कार्रवाई की गयी. निगमायुक्त ने मंगलवार को सी.एम. हैल्प लाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की और सभी को संतुष्टि के साथ निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को प्रदान किये. बताया मंगलवार को दमोहनाका रोड सांई मंदिर के सामने से दीनदयाल बस स्टैंड होते हुए आई.टी.आई. चुंगी तक ठेले टपरे अलग करने की कार्यवाही की गई.

कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से एवं सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अतिक्रमण दस्ते के साथ संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जहां जहां अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई हो रही है वहां दोबारा अतिक्रमण न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए.

## एक नजर में



### 'जल संचय,जन भागीदारी' में पर प्रथम पुरस्कार

**खण्डवा, 18 नवंबर.** 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के अंतर्गत नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत की श्रेणी में खंडवा जिले की कावेश्वर पंचायत को द्वितीय पुरस्कार दिया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने खण्डवा के कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा को पुरस्कार प्रदान किया. कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन' के तहत शुरू की गई 'जल संचय, जन भागीदारी' पहल में खण्डवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.


### पेट्रोल पंप में युवक की बाइक में लगी आग



**छिंदवाड़ा, 18 नवंबर.** तामिया के अमन पेट्रोलियम में उस समय अफरा तफरी मच गई. जब एक बाइक में अचानक आग की लपटे उठने लगी. पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारी ने आग को फैलने से बचाने के लिए प्रयास किया. वीडियो में आप देख सकते है कि कर्मचारी रेत से भरी बाल्टी से आग की लपटों पर काबू करने का प्रयास किया .हालाकि की घटना में बाइक पूरी तरह खाक में तब्दील हो गई लेकिन पेट्रोलपंप कर्मचारियों की सजगता की वजह से पेट्रोल पंप में लगी आग की लपटों की वजह से काबू पा लिया गया. तामिया थाना टी आई आशीष कुमार जैतवार ने बताया कि छिंदवाड़ा के चोपना निवासी युवक बाइक ने पेट्रोल भरवाने के बाद गाड़ी स्टार्ट करने किक मारी इसी दौरान आग की लपटे उठने लगी थी. युवक की बाइक पुरानी बताई जा रही है.

## एमपी में तमिलनाडु के 225 किसानों को ट्रेन से उतारा

**नर्मदापुरम.** चेन्नई से नई दिल्ली प्रदर्शन के लिए जा रहे तमिलनाडु के 225 किसानों को मंगलवार शाम नर्मदापुरम और इटारसी रेलवे स्टेशन पर रोक लिया गया. पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने उन्हें जीटी एक्सप्रेस और तमिलनाडु एक्सप्रेस से उतारा. इस दौरान कई किसानों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की. स्थिति बिगड़ने पर प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई. ट्रेनों के दो घंटे से अधिक समय तक खड़े रहने से यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी. किसानों को बाद में बसों से नर्मदापुरम के स्वयंवरम गार्डन में ले जाया गया.




## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री से सीएम ने की भेंट

**भोपाल, 18 नवंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर सौजन्य भेंट कर पिपरिया के काष्ट कलाकार द्वारा निर्मित कलाकृति भेंट की.

# फॉर्च्यूनर हादसा : मौत से पहले कार में मस्ती कर रहे थे 5 दोस्त

**ग्वालियर. ग्वालियर में बीते हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पांच दोस्तों की मौत ने माता-पिता, परिवार समेत इलाके के लोगों को भी दहला दिया है.**



घटना से कुछ ही देर पहले सभी युवक कार में मस्ती करते, नाचते-गाते जा रहे थे और वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे. लेकिन, आगे दर्दनाक मौत उनका इंतजार कर रही थी. मस्ती करते हुए जा रहे दोस्त जैसे ही कुछ आगे पहुंचे उनकी तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी. यह हादसा इतना भयानक था कि पांचों की मौके पर ही मौत हो गई और फॉर्च्यूनर गाड़ी भी चकनाचूर हो गई. सड़क हादसे से पहले जो वीडियो सामने आया है उसमें पांचों युवक चलती फॉर्च्यूनर में तेज आवाज में गाना बजाते, सीट नाचते और मस्ती करते दिख रहे हैं. बताया गया कि यह वीडियो उन्होंने हादसे से पहले सोशल मीडिया पर करीब दस मिनट पहले ही अपलोड किया था. वीडियो में उनके चेहरे पर किसी खतरे का अंदेशा नजर नहीं आ रहा है.

# महिला ने पहले हाथ देकर रोका फिर 3 साथियों ने लूटी बाइक

**मारपीट में घायल पेंटर का अस्पताल में उपचार**

**उज्जैन, 18 नवंबर. आगर रोड पर बच्चे के साथ खड़ी महिला ने लिफ्ट लेने के लिए बाइक सवार को हाथ दिया और अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए लूटपाट कर भाग निकली.**

मामले की जानकारी लगने पर पुलिस ने जांच शुरू की है. चरक अस्पताल में भर्ती गांधीनगर के रहने वाले मुश्ताक पिता इश्तियाक खान ने बताया कि वह पेंटरी का काम करता है. सोमवार को बाइक से आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के आगे काम के सिलसिले में जा रहा था. उसी दौरान आगर रोड शराब दुकान के आगे एक महिला बच्चे के साथ सड़क पर खड़ी दिखाई दी. जिसने लिफ्ट देने के लिए उसे हाथ दिया. महिला और बच्चे को देख उसने बाइक रोकी तो तीन युवक वहां आ गए. उन्होंने गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी और समीप ही बनी एक झोपड़ी तक ले गए. जहां उससे डरा धमकाकर मोबाइल, 1 हजार नगद व बाइक छीनकर भाग निकले. घटना के बाद वह झोपड़ी से सड़क मार्ग तक आया और लोगों से मदद मांगकर अस्पताल पहुंचा. जिला अस्पताल में भर्ती मुश्ताक के साथ हुई मारपीट की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## पत्नी से मारपीट, ससुराल पक्ष के तीन सदस्यों पर केस

**इंदौर.** दहेज के लिए दबाव बनाते हुए गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में महिला थाना पुलिस ने पति सहित तीन पर प्रकरण दर्ज किया है. पीड़िता के मुताबिक लंबे समय से उसे मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी. महिला थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है. राऊ क्षेत्र की रहने वाली रानू सेन ने पति विशाल नाई और ससुराल के दो अन्य सदस्यों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. आरोपी लंबे समय से उससे पांच लाख रुपए लाने का दबाव बना रहे थे. विरोध करने पर पति और परिजनों ने गाली-गलौज की तथा मारपीट कर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया.

# आधार केन्द्र में सुबह से ही लगती हैं कतारें

**प्रधान डाकघर सीधी की अव्यवस्थाओं का हाल**

**एक दिन में केवल 50 टोकन से होता है कार्य**



**सीधी 18 नवम्बर. जिले में आधार संबंधित कार्यों के लिए लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है. शहर में प्रधान डाक घर के सामने सुबह से ही आधार संबंधी कार्य के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं.**

सुबह करीब 10 बजे डाक घर के कर्मचारी 50 टोकन वितरित करते हैं. जिसको टोकन मिल गया उसका काम होगा, शेष जिम्मेदार कर्मचारियों के आगे घंटों गिड़गिड़ाते रहते हैं और काम न होने पर अगले दिन फिर से भोर में कतार लगाने के लिए पहुंच जाते हैं. प्रधान डाक घर के सामने लगने वाली लंबी कतार में छोटे-छोटे बच्चों के साथ महिलाएं और बुजुर्ग भी घंटों खड़े रहने के लिए मजबूर रहते हैं. आधार केन्द्र के बाहर कतार लगाने वाले कुछ लोगों ने बताया 50 से 70 किलोमीटर दूर से आधार संबंधित काम कराने के लिए यहां आए हैं. एक दिन में काम न होने पर शहर में ही कहीं रात गुजारते हैं और अगले दिन सुबह 5 बजे कतार में सबसे आगे लगने का प्रयास करते हैं. लोगों का कहना था कि प्रधान डाक घर में सबसे ज्यादा आधार संबंधी कार्य के लिए भीड़ लगती है और एक दिन में सिर्फ 50 लोगों को टोकन दिया जाता है. जिनको टोकन नहीं मिलता उनको अगले दिन आने के लिए कहा जाता है. यह समस्या प्रधान डाकघर सीधी में आरंभ से ही बनी हुई है.

**आयोजन** राज्यपाल ने मझगवां के बांका में किया प्रतिमा का अनावरण

# बिरसा मुंडा देशभक्ति की भावना के प्रखर पुंज

**सतना, 18 नवंबर. मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देशभक्ति की भावना के प्रखर पुंज थे.**

उन्होंने मात्र 25 वर्ष की अवस्था में जनजातीय समाज के उत्थान और कल्याण के कार्यों से महापुरुष बनकर अमर हो गए. राज्यपाल मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी अंचल के ग्राम बांका में भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा अनावरण समारोह और जनजातीय विकास सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. इस मौके पर केंद्रीय सरकार के जनजातीय कार्य



राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राम खेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, डीआरआई के अध्यक्ष पुरणेंद सक्सेना, बिरसा मुंडा समिति की अध्यक्ष सोना सहित बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजाति समाज के लिए हमारे बुजुर्गों ने जो समाज सुधार के कार्य किए हैं. उनसे प्रेरणा लेकर हम समाज को कैसे ऊंचाइयों पर ले जाएं इसका प्रयास करना चाहिए. राज्यपाल ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनजाति कल्याण की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जन मन योजना के तहत केंद्र

## भारतीय मजदूर संघ ने 46 सूत्रीय मांगें सीएम तक पहुंचाई

**शिवपुरी.** भारतीय मजदूर संघ, मध्यप्रदेश ने जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक 46 सूत्रीय मांगपत्र कलेक्टर को सौंपा. इस ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के लाखों श्रमिक और कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान की अपील की गई है. संगठन ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न वर्गों जैसे दैनिक वेतनभोगी, संविदा कर्मी, आउटसोर्स स्टाफ, अतिथि शिक्षक-विद्वान, बिजली कंपनी कर्मचारी, आंगनवाड़ी-आशा कार्यकर्ता, हम्माल-तुलावटी, पटवारी और पंचायत सचिवों की समस्याएं लंबे समय से अनसुलझी हैं.

# अस्पताल के मैटर्निटी ओटी का हुआ लक्ष्य कार्यक्रम में प्रमाणीकरण

**भोपाल, 18 नवंबर. सिविल अस्पताल बैरागढ़ की मैटर्निटी ओ टी का प्रमाणीकरण लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत किया गया है.**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अस्पताल को 93 फीसदी अंकों के साथ क्वालीफाई किया गया है . इसके पहले अस्पताल के लेबर रूम को ये प्रमाणिकरण मिल चुका है. लक्ष्य कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु संचालित किया जा रहा है. भारत सरकार के एक्सटर्नल दल सिविल हॉस्पिटल बैरागढ़ का असेसमेंट 29 अक्टूबर को किया गया था. जिसमें मैटर्निटी ऑपरेशन थियेटर का बारीकी से मूल्यांकन किया गया था. मूल्यांकन के पूर्व सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा सहित विभागीय अधिकारियों द्वारा अस्पताल की सेवाओं का जायजा लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी. मूल्यांकन के दौरान इन्फेक्शन कंट्रोल , स्टाफ की उपलब्धता, प्रशिक्षण , रिकॉर्ड संधारण, दस्तावेजों की गोपनीयता, उपकरण एवं संसाधनों की उपलब्धता, इमरजेंसी दवाएं, स्वच्छता इत्यादि का बारीकी से निरीक्षण किया गया था. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को निरंतर बेहतर किया जा रहा है.

## व्यापारियों के लिए आपदा-विपदा में राहत की मांग करेगा चेम्बर

**ग्वालियर.** केन्द्रीय, प्रदेश बजट एवं जीएसटी पर बजट पूर्व सुझावों पर आज एक बैठक का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया. बैठक में जीएसटी विशेषज्ञ के रूप में सी.ए. दीपक वाजपेयी विशेष रूप से उपस्थित रहे. चेम्बर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद बजट पूर्व सुझावों के लिए ज्यादा कुछ रह नहीं जाता है. सरकार द्वारा जीएसटी की दरें को कम किया गया है लेकिन कुछ विसंगतियां रह गई हैं जैसे-कपड़े पर 5 व 18 प्रतिशत की दरें रखी गई. कपड़ा आदमी बेसिक जरूरत है, इसलिए कपड़ों पर एक ही दर 5 प्रतिशत रखी जानी चाहिए.